an>

Title: Regarding womens security.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक बड़े सैंसिटिव मामले पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मैं आपका ध्यान महिला सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे पर दिलाना चाहता हूँ जिसमें दिल्ली की राज्य सरकार ...□ कर रही है। जनता की गाढ़ी कमाई का लाखों रुपया एक दिन का विशेÂा सत्र बुलाकर उस ...* में बर्बाद कर दिया। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि दिल्ली की इस दुर्दशा को ठीक करने के लिए दखल दें।

दिल्ली भी अन्य देशों की राजधानियों की तरह राÂट्रीय राजधानी है। विश्व के जितने भी लोकतांत्रिक देश हैं, सभी की राजधानियाँ सीधे राज्यों के अधीन न होकर केन्द्र शासित होती हैं। केन्द्र सरकार का नैतिक अधिकार है कि दिल्ली की राज्य सरकार की ...* से दिल्ली की जनता को निजात दिलाएँ।

मैं आपके माध्यम से दिल्ली सरकार से पूछना चाहता हूँ कि जो महिला सुरक्षा की बात का डंका पीट रही है, उनके पूर्व मंत्री व विधायक की पत्नी मुख्य मंत्री व महिला आयोग से अपने साथ हुए अत्याचार के लिए गुहार लगाती रहीं। उक्त महिला के अनुसार उनको गर्भावस्था के दौरान कुत्तों से कटवाया और उनको प्रताड़ित किया गया, जिसके लिए वे अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए मेडिकल जांच की रिपोर्ट तक दिखाती रहीं। उसकी सुरक्षा का क्या हुआ? उसी नेता द्वारा एक ऐसा बयान दिया गया है कि अगर पुलिस हमारे अंडर आ जाए तो सुन्दर महिलाएँ खुले रूप से घूम सकती हैं। उनकी पत्नी की टिप्पणी आई है कि मैं खूबसूरत नहीं हूँ, इसलिए मेरे साथ ये अत्याचार करते हैं।

इनके ही एक बहुचर्चित कवि नेता ने केरल की हमारी बहनों के बारे में कहा था और केरल की नर्सों के बारे में टिप्पणी की थी। इन्हीं के उस नेता के खिलाफ मुख्य मंत्री से वह महिला गुहार लगाती रही कि मैं चुनाव के दौरान काफी गई थी, जिससे इनके-मेरे संबंध के कारण से मेरा घर बिगड़ रहा है और मेरी रक्षा की जाए। इन्होंने उसकी बात नहीं सुनी।

एक समाचार पत्र के मुताबिक उनके पूर्व मंत्री अंतर्राÂट्रीय स्तर पर अश्लील वैबसाइट के डोमेन नेम्स बेचने में लिप्त पाए गए। एक महिला प्रशासनिक अधिकारी के मात्र दस दिन के लिए कार्यकारी मुख्य सचिव बनने पर अभद्र टिप्पणियों द्वारा उसका शोÂाण करना, क्योंकि महिला अधिकारी होने के कारण वे उनके काले कारनामों में सहयोग नहीं कर पाती थीं।

ऐसे ...* ने जो बजट में पैसा बर्बाद किया, जिस महिला की हत्या को लेकर इन्होंने ...* की है कि 32 चाकू उसको मारे गए, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में 8 चाकुओं के निशान आए। उस परिवार के लोग कल उस सदन को देखने जाने वाले थे, लेकिन उस महिला मीनाक्षी के परिवार को सदन में आने की इजाज़त नहीं मिली। यह महिलाओं की ...* जो ...* कर रहा है, चुनाव से पूर्व उन्होंने जो वायदे किए, महिलाओं की सुरक्षा के लिए गार्ड लगाने थे, वह नहीं लगे। 10 हजार महिलाओं की भर्ती करनी थी, वह नहीं की गई। इन्होंने कहा था हम सुरक्षा दल बनाएँगे, वह नहीं बनाए। ऐसे ...□के खिलाफ निश्चित रूप से केन्द्र सरकार निर्णय ले, यह मेरा आपके माध्यम से निवेदन है।